तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 2 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

सायबर अपराध से बचाव को लेकर छात्राओं को किया जा रहा जागरूक

4



## खबर संक्षेप

### विस प्रश्नों के त्वरित निराकरण के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का दशम सत्र 13 जुलाई सोमवार से प्रारंभ होने के फलस्वरूप विधानसभा प्रश्नों के उत्तर की त्वरित जानकारी प्राप्त करने एवं समय-सीमा में उत्तर शासन को भेजने हेतु जिला स्तर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा को नोडल अधिकारी तथा संयुक्त कलेक्टर अरुण कुमार सोम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### विधानसभा सत्र अवधि में अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का दशम सत्र 13 जुलाई सोमवार से प्रारंभ होने के फलस्वरूप विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। निर्देशानुसार कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही उपस्थित रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर ही कलेक्टर, सक्ती द्वारा अवकाश स्वीकृत किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित नस्ती विभाग प्रमुख द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने मोबाइल नंबर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम डेरागढ़ निवासी मृतक स्व. यशवंत साहू को खदान के तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती ईतवारा बाई पति स्व श्री यशवंत साहू को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से मिली राहत रवि की समस्या का हुआ समाधान

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी रवि कुमार बर्मन के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 उम्मीद की किरण साबित हुई। राशन कार्ड में तकनीकी त्रुटि के कारण वे लंबे समय से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन से वंचित थे। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने के बाद उनकी समस्या का त्वरित समाधान हुआ और संशोधित राशन कार्ड जारी होने से उन्हें फिर से राशन मिलने लगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। जनपद पंचायत नवागढ़ ग्राम सेमरा निवासी रवि कुमार बर्मन ने 15 जून को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से अपनी समस्या दर्ज कराई थी। जांच के दौरान राशन कार्ड में त्रुटि पाए जाने पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए उसका संशोधन किया गया। इसके बाद उनका राशन कार्ड पुनः सक्रिय हुआ और अब उन्हें खाद्यान्न सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा। समस्या के त्वरित समाधान से प्रसन्न रवि कुमार बर्मन ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पुलिस ने किया खुलासा, प्रेम संबंध के चलते रची गई थी साजिश, 9 आरोपी गिरफ्तार

# जोंगरा गोलीकांड का पर्दाफाश, महिला को रास्ते से हटाने पति-पत्नी ने दी थी चार लाख की सुपारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जोंगरा में गोली मारकर की गई महिला की हत्या के मामले का पर्दाफाश हो गया है। प्रेम संबंध के चलते पति-पत्नी ने मिलकर हत्या की साजिश रची थी। सुपारी देकर महिला का मर्डर कराया गया था। पुलिस ने मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 जून को ग्राम जोंगरा निवासी पूर्णिमा चैहान उर्फ पूनम को 2 अज्ञात नकाबापोश व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर शूटर मोटरसायकल से फरार हो गए।जांच के लिए स्पेशल टीम बनाई गई। टीम लगातार 4 दिनों तक आरोपियों के पतासाजी में जुटी रही। पतासाजी के दौरान मृतिका के परिजनों एवं अनेक संदेहियों से पूछताछ की गई। साथ ही आरोपियों के पतासाजी हेतु तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुये मोबाईल टावर डंप एवं कॉल डिटेल का बारिकी से विश्लेषण किया गया। वहीं सीसीटीव्ही फूटेज खंगाले गए।प्रकरण में विवेचना दौरान पता चला कि मृतिका पूर्णिमा चौहान उर्फ पूनम का मुरलीशंकर चौहान निवासी देल्लारी जिला रायगढ़ के साथ प्रेम संबंध था। इस बात को लेकर गौरीशंकर और उसकी पत्नी चम्पा चौहान के बीच लगातार अनबन एवं लड़ाई झगड़ा होता था। संदेह के आधार पर चम्पा चैहान से पूछताछ की गई जो शुरूवात में वह बार-बार अपना ब्यान बदलकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगी। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने सारी कहानी बयान कर दी। उसने पुलिस को बताया कि पूर्णिमा चैहान उर्फ पूनम और उसके पति मुरलीशंकर एक साथ आयुर्वेदिक दवाई प्रचार व बिक्री का काम करते थे और दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया था। चम्पा की समझाईश पर उसका पति मुरलीशंकर मान गया और पूर्णिमा से दूरी बना ली, लेकिन पूर्णिमा नही मान रही थी और मुरलीशंकर को लगातार शादी करने का दबाव बना रही थी। जिससे परेशान होकर मुरलीशंकर और चम्पा ने पूर्णिमा को जान से मारकर रास्ते से हटाने की योजना बनाई। घटना को अंजाम देने के लिए दोनों ने झारखंड में गोली कांड कर वापस आये राजेन्द्र महंत को संपर्क किया। पूर्णिमा को जान से मारने का 4 लाख रूपये में सुपारी दी गई। सुनील महंत एवं गौरीशंकर सिदार द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद पैसा देने का सौदा तय हुआ था। सौदे के तय रकम में से चम्पा द्वारा घटना के बाद 2 लाख रूपये को राजेंद्र महंत व उसके साथ आए 2 अन्य साथी को दिया गया। प्रकरण में आरोपी राजेन्द्र महंत, गौरीशंकर सिदार एवं सुनील महंत का मोबाईल लोकेशन लेने पर राजेन्द्र महंत जमशेदपुर (झारखण्ड) होना तथा गौरीशंकर सिदार एवं सुनील महंत का लोकेशन पूणे (महाराष्ट्र) होना पाया गया। जिस पर तत्काल गठित टीम को झारखण्ड एवं महाराष्ट्र रवाना किया और राजेन्द्र महंत जमशेदरपुर (झारखण्ड) से तथा गौरीशंकर सिदार एवं सुनील महंत को पूणे (महाराष्ट्र) से घेराबंदी कर पकड़ा गया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि चम्पा एवं उसके पति मुरलीशंकर से पूर्णिमा की हत्या करने 4 लाख रूपये में सुपारी ली थी। इसके बाद राजेन्द्र महंत अपने अन्य साथी गौरीशंकर सिदार, राकेश महंत, वेद प्रकाश महंत उर्फ सोनू, सुमित गबेल, चंद्रशेखर महंत एवं सुनिल महंत एक दुसरे के सहयोग कर पूर्णिमा की हत्या करने योजना बनाई। घटना को अंजाम देने का दिन 26 मई तय किया और सौदे के रकम को एक-दुसरे में बटवारा कर लिया। पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



मामले का खुलासा करते सक्ती पुलिस अधीक्षक।

### वारदात को इस तरह दिया अंजाम

पूर्णिमा चैहान को गोली मारने के लिए 26 जून को ग्राम जोंगरा सुनील महंत और गौरीशंकर सिदार दोनों बाइक से गए।गौरीशंकर सिदार ने पिस्तौल से पूर्णिमा चैहान को गोली मारी।इसके बाद सुमित गबेल द्वारा घटना को अंजाम देने और वहां से भागने के लिए दिये गये बाइक से फरार हो गये। घटना के बाद राकेश महंत ने गौरीशंकर सिदार एवं सुनील महंत को दिगर राज्य फरार होने में सहयोग किया। चम्पा से सौदे के तय रकम में से 2 लाख रूपये को राजेंद्र महंत अपने साथी वेदप्रकाश महंत उर्फ सोनू तथा चंद्रशेखर महंत के साथ ग्राम देल्लारी जाकर लिए। प्रकरण में आरोपी सुमित गबेल, राकेश महंत, चंद्रचंद्रशेखर महंत एवं वेदप्रकाश उर्फ सोनू को दबिस देकर उनके ठिकाने से पकड़ा गया। घटना में प्रयुक्त पिस्तौल को आरोपी राजेंद्र महंत के कब्जे से, सुमित गबेल के कब्जे से बाइक, चम्पा चैहान के कब्जे से मोबाईल व सौदे का रकम निकलने में प्रयुक्त बैंकपास बुक, मुरलीशंकर चैहान के कब्जे से मोबाईल जप्त किया गया है।इसी प्रकार सुनील महंत, गौरीशंकर सिदार, राकेश महंत, चंद्रशेखर महंत एवं वेदप्रकाश महंत के कब्जे से मोबाईल एवं बटवारे में हिस्से में आये रकम में से बचा हुआ नगदी रकम को जप्त किया गया है।

### जब्त किया गया सामान

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं नगदी राशि बरामद की है। आरोपी राजेन्द्र महंत से पिस्तौल एवं 4 नग जिंदा राउण्ड, नगदी 52000रूपये जप्त किया गया है। आरोपी गौरीशंकर से मोबाईल व नगदी 6000 रूपये जप्त किया है। चम्पा चैहान से बैंक पासबुक एवं 1 नग मोबाईल जप्त किया है। आरोपी मुरलीशंकर चैहान से मोबाईल जप्त किया गया है। आरोपी सुमित गबेल से टीव्हीएस मोटरसायकल, मोबाईल व नगदी 2000 रुपए नगदी जब्त किया है। आरोपी वेदप्रकाश महंत उर्फ सोनू से बाइक , मोबाईल व नगद्दी 4000 रूपये जब्त किए हैं। आरोपी सुनील महंत से 4000 रूपये नगदी जब्त किया है। आरोपी चंद्रशेखर दास महंत से मोबाईल एवं 3500 रूपये नगदी और आरोपी राकेश महंत से मोबाईल जप्त किया गया है। घटनास्थल से पिस्तौल का 3 नग खाली खोखा बरामद किया गया है।

### बम्हनीडीह नपं के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ आज, सीएम साय होंगे शामिल



**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत बम्हनीडीह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 2 जुलाई गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे आई.टी.आई. ग्राउंड, बम्हनीडीह में आयोजित किया जाएगा। नगर पंचायत बम्हनीडीह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश कुमार डडसेना एवं समस्त नवनिर्वाचित पार्षदगण शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, कौशल विकास एवं तकनीकि शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े होंगे। कार्यक्रम में विधायक किरण सिंह देव छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी उपस्थित रहेंगे।

### 1 जुलाई से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन हुआ लागू

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार 1 जुलाई से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण का शुभारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत बम्हनीडीह की ग्राम पंचायत सोनाईडीह में जिला स्तरीय सम्मेलन-सह-शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# अटैचमेंट पर एक्शन : आधा दर्जन से अधिक शिक्षक व बाबुओं की हुई वापसी



हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
शासन का आदेश दरकिनार, शिक्षा विभाग में चल रहा अटैचमेंट का खेल
डीईओ से लेकर बीईओ दफ्तर तक कई शिक्षक संलग्न

हरिभूमि इम्पैक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में शिक्षा विभाग ने वर्षों से चली आ रही संलग्नीकरण (अटैचमेंट) व्यवस्था पर सख्ती शुरू कर दी है। विभाग द्वारा नियमों के विरुद्ध किए गए संलग्नीकरण की समीक्षा के बाद सात अधिकारी-कर्मचारियों का संलग्नीकरण तत्काल प्रभाव से समाप्त कर उन्हें उनकी मूल पदस्थापना पर वापस भेज दिया गया है। खास बात यह है कि यह कार्रवाई हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित करने के उपरांत हुई है।

गौरतलब है कि शिक्षा विभाग में चल रहे संलग्नीकरण का मुद्दा उठाते हुए हरिभूमि द्वारा रविवार 28 जून के अंक में शासन का आदेश दरकिनार, शिक्षा विभाग में चल रहा अटैचमेंट का खेल शीर्षक से समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। जिसके उपरांत तीन दिनों के भीतर ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आदेश जारी करके 7 अधिकारी कर्मचारियों को मूल संस्था में वापस भेज दिया गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### नवागढ़ को अभयदान

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश में 7 लोगों का अटैचमेंट समाप्त किया गया है, जबकि नवागढ़ ब्लाक समेत अन्य जगहों पर अटैच शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है।

### ये भेजे गए मूल संस्था में

*जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से 1 जुलाई को जारी आदेश के मुताबिक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर के 25 जून 2026 के पत्र के परिपालन में मूल संस्था से अन्यंत्र संलग्न होकर कार्य कर रहे शिक्षकों को मूल संस्था के लिए एकतरफा कार्यमुक्त किया गया है। इनमें श्रीमती पुष्पा कोरी दिवाकर को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलौदा, शिक्षक एलबी संजय कुमार राठौर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमोरा, चंद्रप्रकाश तंबोली को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला औराईकला, व्यायाम शिक्षक हेमंत कुमार यादव को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमंदा, सहायक ग्रेड 2 रेवती रमण दुबे को हाईस्कूल नवगंवा, सहायक ग्रेड 2 विशाल वैभव को बीईओ आफिस बलौदा , सहायक ग्रेड 3 राकेश गोंड को हाईस्कूल कोसमंदा के लिए कार्यमुक्त किया गया है।*

# तीन दिन अनशन के बाद भी ध्यान नहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरा एसडीएम दफ्तर, पोखर में तब्दील सड़क में नहाकर जताया विरोध





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

पामगढ़ से बलौदाबाजार को जोड़ने वाले मार्ग पर डोंगाकोहरौद के पास पिछले 10 वर्षों से अधूरा पड़ा सड़क निर्माण अब ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ चुका है। सड़क की बदहाल स्थिति से नाराज ग्रामीण पिछले तीन दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। बावजूद इसके जब कोई जिम्मेदार अधिकारी उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा तो बुधवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

बुधवार 1 जुलाई को बड़ी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पामगढ़ पहुंच गए और कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि नई सड़क निर्माण की दिशा में ठोस पहल नहीं हुई तो वे चक्का जाम कर उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि करीब चार किलोमीटर का यह मार्ग सड़क कम और तालाब ज्यादा नजर आता है। बरसात के चलते घुटने भर पानी गड्ढों में जमा हो गया है, जिससे रोजाना लोगों की आवाजाही जोखिम भरी हो गई है। विरोध को अनोखा रूप देते हुए एक ग्रामीण सड़क पर बने गहरे गड्ढे में भरे पानी में नहाने उतर गया। उसका यह प्रदर्शन लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया और सड़क की बदहाली की तस्वीर भी बयां कर गया। अपर कलेक्टर एवं पामगढ़ एसडीएम आर.के. तंबोली मौके पर पहुंचे और अनशन पर बैठे ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों ने शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीण मरम्मत के बजाय नई सड़क निर्माण की मांग पर अड़े रहे। काफी देर तक चली बातचीत के बावजूद कोई सहमति नहीं बन सकी और बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती उनका अनशन जारी रहेगा और चक्काजाम भी करेंगे।

### 5 जुलाई तक इस तरह की बनी रहेगी समस्या

# लोकल के रद्द होने एवं एक्सप्रेस के घंटो विलंब ने बढाई यात्रियों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन में ऑटो सिग्नलिंग और चौथी रेल लाइन से जुड़े नान इंटरलार्किंग कार्य के चलते यहां से गुजरने वाली दर्जनो ट्रेने प्रभावित हो रही है। स्थिती यह है कि जहां लोकल ट्रेन रदद तो वही एक्सप्रेस के घंटो विलंब ने रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढा दी है।

गौरतलब है कि सोमवार 22 जून से जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में ऑटो सिग्नलिंग कार्य और चौथा रेल्वे लाइन से जुड़े कार्य से जुड़े इंटरलार्किंग कार्य के चलते स्टेशन से होकर गुजरने वाली दर्जनो ट्रेने प्रभावित हो रही है। इनमें आधा दर्जन ट्रेन रद्द तो इतने ही ट्रेन प्रभावित होकर चल रही है, जिसके कारण जांजगीर-नैला के साथ साथ चांपा, देवरी सारागांव, कापन, अकलतरा, कोटमीसोनार से होकर रेल यात्रा करने वाले यात्रियो की परेशानी और भी बढ़ गई है। जो ट्रेने कैंसिल की गई या फिर प्रभावित हो रही है उनमें ज्यादातर ट्रेने लोकल ही है। जिले के लोग ट्रेनो के माध्यम से बिलासपुर, कोरबा, रायगढ,रायपुर, भाठापारा, खरसिया समेत अन्य मार्गो की ओर बडी संख्या मे आवाजाही करते है। रद्द की गई ट्रेनों में रायगढ बिलासपुर मेमू लोकल, बिलासपुर-गेवरारोड, बिलासपुर-कोरबा, रायपुर गेवरारोड एवं कोरबा रायपुर लोकल ट्रेनो को 22 जून से 3 जुलाई के बीच रद्द किया गया है। इसी प्रकार गोंदिया झारसुगडा 22 जून से 3 जुलाई के बीच प्रभावित रहेंगी। बिलासपुर-झारसुगड़ा, झारसुगडा-गोंदिया एवं बिलासपुर अमृतसर एक्सप्रेस भी इस दौरान प्रभावित रहेंगी। इधर ट्रेनो के रद्द होने से रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढ गई है। जो ट्रेन रद्द अथवा कैंसिल की गई है। उनमें ज्यादातर ट्रेन लोकल ही है। जहां लोकल ट्रेन रदद तो वही एक्सप्रेस ट्रेनो के घंटो विलंब ने रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढा दी है। 5 जुलाई तक इस तरह के हालात बने रहेंगें।

इस संबंध में बिलासपुर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अंबिकेश साहू का कहना है कि नान इंटरलॉकिंग कार्य के चलते लोकल ट्रेन रद्द एवं एक्सप्रेस ट्रेन विलंब से चल रही है। इसकी जानकारी यात्रियों को दी जा चुकी है।



ट्रेन आने का इंतजार करते यात्री।

# फर्जी बिल लगाकर लाखों का आहरण शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत झरप के सरपंच एवं सचिव के खिलाफ ग्राम पंचायत के उमेश बंजारे ने ग्राम विकास के मद में शासन द्वारा आबंटित राशि को नाली मरम्मत पचरी मरम्मत बोर मरम्मत हैंड पंप मरम्म, तालाब एवं गली सफाई सहित अन्य कार्य को बिना कराये फर्जी बिल के जरिए कार्य होना बताकर लाखों रुपए आहरण कर गबन करने का आरोप लगाया है।

कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति से शिकायत करते हुए अधिकारीयों की टीम से जांच कराने की मांग की है। एवं सुशासन त्यौहार शिविर में भी आवेदन लगाया था 1 माह व्यतीत होने को है। शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से सरपंच सचिव सरपंच पति का हौसला बुलंद है। साथ ही सरपंच पति के खिलाफ भी जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग शिकायत कर्ता ने की है। को मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा सचिव के नाम आदेश जारी कर शिकायत कर्ता को सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत चाही गई जानकारी दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे सचिव भी इस ओर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश का अवमानना करते हुए देखे जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला : प्रेमचंद



**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत आमगांव शासकीय हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई, विधायक श्री पटेल ने कहा कि नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध हों। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री नरेश टंडन, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा विजय राठौर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंकज ध्रुर्वा, छोटे लाल पटेल, बजरंग यादव, प्राचार्य एलके डहरिया, शिक्षक राजकुमार निर्मलकर, पूनम अहिर, वसुंधरा कुर्रे, प्रा. प्रधान पाठक पुष्पा पाण्डेय सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### गोड़मा में प्रवेशोत्सव पर छात्रों को पुस्तकों का किया वितरण




**कोरबा।** विकासखंड कोरबा अंतर्गत संकुल गोड़मा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोड़मा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की वंदना शिक्षिका श्रीमती पुष्पा कंवर के मार्गदर्शन एवं प्रधान पाठक शिवराज कुमार शर्मा के संगीत निर्देशन में सस्वर प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर पुस्तक तथा गणेश प्रतिमा दी गई। 'नेवता भोज करायी गया। अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम के सरपंच इंद्रजीत सिंह राठिया, जनपद सदस्य रजगामार श्रीमती उषा कुर्रे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती गणेशी राठिया, उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला केंवट, सदस्य घुरऊ सिंह राठिया, दिनेश कुर्रे, नोडल प्राचार्य जितेंद्र कुमार साहू, संकुल समन्वयक भास्कर प्रताप सिंह अतिथि थे।

### चोरी के मामले में दो नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार

**कोरबा।** कुसमुण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। जिसके आधार पर पुलिस की टीम ने पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के कोसमंदा निवासी अविनाश कुमार यादव पिता लखन लाल यादव, उम्र 18 को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया था। जिसने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने कुसमुंडा के कपड़ा दुकान में छप्पर तोड़कर चोरी की थी। साथ ही कुसमुंडा के ही इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं अन्य वस्तुओं की चोरी की गई थी। इसके अलावा उरगा के एक मोबाइल दुकान में भी घटना को अंजाम दिया था। आरोपी एवं विधि-संघर्षरत बालकों के कब्जे से मोबाइल फोन, इनवर्टर व बैटरी, कपड़े एवं जूते तथा अन्य घरेलू व इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया गया है।

# जेबीसीसीआई गठन को लेकर श्रमिक संगठनों ने की गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कर्मियो के 11वां वेतन समझौते की मियाद 30 जून को समाप्त हो गई है। यही वजह है कि अब कर्मी 12वें वेतन समझौते को लेकर जेबीसीसीआई के गठन की मांग कर रहे हैं। मंगलवार को बीकेकेएमएस के नेतृत्व में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।

गेवरा स्थित केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला के मुख्य द्वार पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के बैनर तले गेट मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रमिकों ने 12वें वेतन समझौते को जल्द लागू करने और जेबीसीसीआई के शीघ्र गठन की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए 12वें वेतन समझौते को बिना किसी देरी के लागू किया जाना चाहिए। साथ ही जेबीसीसीआई का तत्काल गठन कर श्रमिकों की लंबित मांगों का समाधान किया जाए।

श्रमिक नेताओं ने कहा कि श्रमिकों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और सभी कर्मचारियों से संगठित रहकर अपने अधिकारों की लड़ाई को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

इस गेट मीटिंग में रामनारायण साहू, मदन सिंह, अरुण कुमार सिंह, हमराज राव, मुकुट कर्ष, बाबू सिंह, आर.के. त्रिपाठी, चंद्रशेखर सिंह राठौर, प्रीतम राठौर, कुणाल सिंह, धीरेंद्र प्रताप, विनोद कुमार, अशोक कुमार, राहुल कुर्रे सहित बड़ी संख्या में गेवरा क्षेत्र के कामगार उपस्थित रहे।

**11वां वेतन समझौते की मियाद खत्म**

**खास बातें**
- 12वं वेतन समझौते की कवायद शुरू
- जेबीसीसीआई गठन के लिए श्रमिक संघों ने आवाज की बुलंद



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसमा में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

# शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं, लक्ष्य निर्धारित कर विद्यार्थी करें मेहनत : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नया सत्र नई ऊर्जा, नए संकल्प और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं होता। यह जीवन की सबसे बड़ी धरोहर है, जिसका कभी बंटवारा नहीं किया जा सकता। विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत और लगन से अध्ययन करें, तभी वे सफलता के शिखर तक पहुंच सकेंगे। विद्यार्थी प्रतिदिन विद्यालय आएं, शिक्षकों का सम्मान करें, अनुशासन का पालन करें तथा देश के जिम्मेदार एवं आदर्श नागरिक बनें।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने भैंसमा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान कही। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि प्रत्येक बच्चा शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। परिवार का एक सदस्य शिक्षित होने से पूरा परिवार जागरूक और प्रगतिशील बनता है। इसलिए शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी पढ़ाई-लिखाई में स्वयं रुचि लेने की अपील करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रभावी कार्य कर रही है। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रम विभाग द्वारा श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कोरबा श्रीमती बीजमोती राठिया, अध्यक्ष करतला जनपद श्रीमती अशोका विश्राम कंवर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, उपाध्यक्ष जनपद करतला मनोज झा, कलेक्टर कुणाल दुदावत, सहायक कलेक्टर ईशान जायसवाल, सीईओ दिनेश नाग, डीईओ टी पी उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं स्कूली बच्चे व पालक उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री लखन देवांगन, कलेक्टर, जिपं सीईओ व अन्य।

**किया जा रहा है अधोसंरचना का विकास**

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई आकांक्षाओं, नई ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए मजबूत अधोसंरचना और पर्याप्त मानव संसाधन दोनों की समान रूप से आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) के माध्यम से जिले के विद्यालयों में अधोसंरचना विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग 255 करोड़ रुपए प्राथमिकता के साथ व्यय किए जा रहे हैं। साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर शिक्षकों की नियुक्ति भी की जा रही है।

# अलग-अलग क्षेत्रों में तीन लोगों ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए हैं। तीनों ही मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**
- कोतवाली, बालको व कुसमुंडा थाना क्षेत्र का मामला

पहली घटना कोतवाली थाना क्षेत्रांर्गत इमलीडुग्गू बस्ती की है। यहां निवासरत अश्वनी उरांव 23 वर्ष पिता घुरऊराम ने घर में फांसी लगा ली थी। जब परिजनों को पता चला तो उन्होंने उसे फंदे से नीचे उतार कर उपचार के लिए मेडिकल हास्पिटल पहुंचाया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अश्वनी ने किन कारणों से आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

दूसरी घटना बालको थाना क्षेत्र के सोनपुरी की है। जहां निवासरत रतिराम पिता बुधवार उम्र 62 वर्ष ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक इसके पहले भी आत्महत्या के लिए कई बार प्रयास कर चुका था। तीसरी घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र के विकासनगर की है। यहां मकान नंबर बी 132 में निवासरत शिक्षक राजा सरकार के 19 वर्षीय पुत्र वासु सरकार ने मंगलवार की दोपहर घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त माता पिता दोनों बाहर थे, जब वे घर लौटे तो दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से झांक कर देखा कि उनका पुत्र फंदे से लटका हुआ है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। युवक ने किन कारणों के चलते आत्महत्या की है यह पता नहीं चल पाया है।

### गुपचुप व्यवसायी हुआ लापता

**कोरबा।** सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र से गुपचुप व्यवसायी धर्मेंद्र जायसवाल (30) पिछले चार दिनों से लापता हैं। 26 जून की सुबह घर से निकलने के बाद वह वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी तलाश के बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# युवक के बाद अब मवेशी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में दंतैल हाथी का खौफ बदस्तूर जारी है। यहां के बासीन परिसर में रविवार रात एक युवक को मौत के घाट उतारने के बाद दंतैल ने आज तडक़े मातीन गांव में एक मवेशी की जान ले ली थी तो वहीं जटगा रेंज की सीमा को पार कर ऐतमानगर रेंज अंतर्गत पचरा वन परिसर पहुंच गया।

हाथियों का दल अभी पचरा परिसर के मातीन जंगल में घूम रहा था कि आज सुबह नदी किनारे चारा चर रहे एक मवेशी (भैस) को दल में मौजूद लोनर ने उठाकर पटक दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हाथी के हमले में भैंस के मारे जाने की जानकारी मिलने पर मवेशी मालिक त्रिभुवन पिता नंदलाल घटना स्थल पर पहुंचा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचकर आगे की कार्यवाही में जुट गया है। वहीं हाथियों के दल के मातीन क्षेत्र में पहुंचने की सूचना ग्रामीणों को देते हुए उन्हें सतर्क करने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। हाथियों के दल के मौजूदगी वाले मातीन व आसपास के गांव में मुनादी कराई जा रही है। इस बीच परला क्षेत्र में मौजूद 18 हाथियों के दल ने भी अपना लोकेशन बदलते हुए केंदई रेंज के कोरबी परिसर में प्रवेश कर लिया है। हाथियों के दल को आज सुबह यहां के जंगल में मंडराते हुए देखे जाने के बाद वन अमला सतर्क हो गया और हाथियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आप धरमलाल चंद्रनाहू निवासी आमनदुला जिला-सक्ती (छ.ग) ने 29.12.2025 को अपने स्वामित्व एवं कब्जे की ग्राम आमनदुला प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. सकर्रा तहसील मालखरौदा जिला सक्ती छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 133/1 एवं 133/2 शामिल नंबर रकबा 0.35 एकड़ भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार के पास किया। और कथित विक्रय सौदा की पेशगी राशि के रुप में आपने मेरे पक्षकार से 1,0,1000/- रुपये उसी दिनांक को भारतीय स्टेट बैंक शाखा चांपा के चेक क्रमांक 374998 का उल्लेख विक्रय अनुबंध में प्राप्त करना दिखाया परंतु आपने चेक बैंक में जमा करने को विलंब कारक परिस्थिति मानते हुये मेरे पक्षकार से फोन पे के माध्यम से दिनांक 16.01.2026 को 50,000/- एवं दिनांक 19.01.2026 को 50,000/- कुल 1,00,000/- रुपये विक्रय सौदा पेशगी राशि प्राप्त किया। तथा विक्रय अनुबंध में आपने यह शर्त स्वीकार किया की विक्रित सौदा शुदा भूमि के सामने निस्तारी रास्ता में जो बेजा कब्जा अन्य व्यक्ति था। उस बेजा कब्जा को हटवाकर दस्तावेज दुरुस्ती कराकर भूमि के सीमांकन उपरांत विक्रय पत्र उपपंजीयक के समक्ष पंजीयन कराये जाने के शर्त पर विक्रय अनुबंध निष्पादित करते हुये आपने दिनांक 30.06.2026 तक विक्रय पत्र निष्पादित करने का मेरे पक्षकार के साथ अनुबंध किया था। दिनांक 30.06.2026 को मेरे पक्षकार ने आपसे विक्रय सौदा शुदा उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन कराये जाने हेतु मौखिक आग्रह किया। और आपको बताया की आपको देने के लिये मेरा पक्षकार संपूर्ण राशि की व्यवस्था करके रखा हुआ है विकय पत्र निष्पादन होते ही आपको संपूर्ण विक्रय रकम अदा कर दी जायेगी। तब आपने कथित सौदा शुदा भूमि के विक्रय पत्र निष्पादित किये जाने में टाल-मटोल करना प्रारंभ किया आपकी मंशा को मेरा पक्षकार भली-भांति समझते हुये बार-बार आग्रह करता रहा परंतु आप जानबूझकर 1,00,000/- रुपये को छल पूर्वक प्राप्त कर विक्रय पत्र निष्पादित करने में आना कानी कर रहे हैं। और किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने का प्रयास कर रहे है। मेरे पक्षकार द्वारा आपको नोटिस प्रेषित की गयी है। मेरा पक्षकार प्रथम क्रेता है पाश्चातय्वर्ती क्रेता को कोई अधिकार नहीं होगा इस कारण से मौजूदा ईश्तहार आम लोगों के लिये जारी किया गया हैं कि वे बहकावे में आकर कथित भूमि को क्रय न करें। क्रय किये जाने की स्थिति में मेरा पक्षकार न्यायालयीन कार्यवाही हेतु मजबूर होगा।

दिनांक :01.07.2026


सूचनादाता
रामनरेश उपाध्याय
अधिवक्ता जांजगीर
मो.न. 9300694203











## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style



# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉर्ड्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

## हॉलीवुड मसाला



## एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



## यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह

**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

## टीवी मसाला



## अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किकको दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

## माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं।



इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में $977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

## उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

### बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

*ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :* जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।



### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

## खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग

मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।



### किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

## 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।

## खबर संक्षेप



### विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के सेवानिवृत्ति होने पर दी गई विदाई

**अकलतरा।** बीआरसी सभा कक्ष में 30 जून को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शैलेंद्र सिंह बैस के सेवानिवृत्ति अवसर पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती स्वाति राठौर एवं श्रीमती रत्नमाला सिंह के आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान शैक्षिक समन्वयक संघ तथा संकुल केंद्र तिलई, अमोरा, बरगवां, अकलतरा बालक, अकलतरा कन्या , पडरिया सहित विभिन्न संकुल केंद्रों के प्रतिनिधियों ने श्री बैस का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती रत्नमाला सिंह ने कहा कि शैलेंद्र सिंह बैस ने अपने पूरे सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, समयपालन एवं उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय दिया है। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि श्री बैस ने अपने पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ शासकीय जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन किया। कार्यक्रम को एबीईओ श्रीमती स्वाति राठौर, शैक्षिक समन्वयक प्रफुल्ल तिवारी, जीवन लाल यादव, विनोद चौबे, रमेश कुर्रे, अम्बरीश सिंह बैस, कृष्ण कुमार यादव, उमाशंकर निर्मलकर एवं श्रीमती अल्किन खान सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

### महतारी वंदन योजना से लक्ष्मीन के जीवन में आई आर्थिक मजबूती

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर परिवार की जिम्मेदारियों में सहभागी बनने का अवसर दे रही है। सक्ती जिले के ग्राम पंचायत जेठा निवासी श्रीमती लक्ष्मीन सिदार भी इस योजना से लाभान्वित होकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार का अनुभव कर रही हैं। श्रीमती लक्ष्मीन सिदार बताती हैं कि पहले घरेलू खर्चों और बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली मासिक सहायता राशि ने उनके परिवार को आर्थिक राहत प्रदान की है। योजना की राशि नियमित रूप से उनके बैंक खाते में जमा हो रही है और अब तक उन्हें 28वीं किस्त प्राप्त हो चुकी है। वे प्राप्त राशि का उपयोग बच्चों की पालन पोषण तथा घर की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। इससे परिवार का आर्थिक बोझ कम हुआ है और बच्चों की पढ़ाई भी सुचारु रूप से जारी है।

### कबीर साहेब के प्राकट्य दिवस पर पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण का संदेश

**जांजगीर-चांपा।** सदगुरू कबीर साहेब के 629वे प्राकट्य दिवस के अवसर प्रकट उत्सव का कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदगुरू कबीर साहेब के वाणी को प्रत्येक जगह कार्यक्रम के माध्यम से रैली के माध्यम से जन जन तक पहुंचाया गया इसी कड़ी में जांजगीर चांपा के अकलतरा ब्लॉक के नवनिवार्चित पदाधिकारियों द्वारा सद्गुरु कबीर प्राकट्य दिवस के अवसर पर कबीर स्तंभ में वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश मानवजाति को दिया गया। साथ ही महिला सशक्तीकरण की दिशा में अकलतरा ब्लॉक के महिला पदाधिकारियों के द्वारा लोकसेवा केंद्र और सिलाई सेंटर और फास्ट फूड केंद्र का प्रारंभ किया गया। ब्लॉक के प्रथम महिला अध्यक्षा कुमारी अंजली महंत ने बताया कि सदगुरू कबीर सीएचसी सेंटर के द्वारा महिला सशक्तीकरण,स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें सभी प्रकार के सरकारी योजनाओं सहित ,बैंकिंग कार्य, आधार वेरिफिकेशन से लेकर परीक्षा फार्म का कार्य किया जाएगा। साथ में महिला पदाधिकारियों के द्वारा सिलाई सेंटर, फास्टफूड केंद्र और प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। अकलतरा ब्लॉक की प्रथम महिला अध्यक्ष कुमारी अंजली महंत ने बताया कि महिला सशक्तीकरण ,स्वरोजगार के इस मुहिम को प्रत्येक महिला समूह तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है और सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले इसके लिए प्रयास करना है। साथ ही पूरे अकलतरा ब्लॉक के सामाजिक लोगों को एकजुट होकर इस मुहिम में साथ देने की अपील की गई।

## गांव, स्कूल एवं महाविद्यालयों में चला रहे अभियान

# सायबर अपराध से बचाव को लेकर छात्राओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सायबर अपराध से बचाव को लेकर छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। इसे लेकर गांव स्कूल, एवं महाविद्यालयों में आनलाइन ठगी, फर्जी कॉल एवं अंजान व्यक्ति के साथ व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने अभियान चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जांजगीर-चांपा पुलिस लगातार गांवों, स्कूलों एवं महाविद्यालयों में जनजागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे ने बुधवार 1 जुलाई को अकलतरा स्थित कन्या शाला में छात्राओं के बीच पहुंचकर नवीन आपराधिक कानूनों एवं साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। साथ ही ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी शेयर करने के खतरे, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर फ्रॉड की पहचान एवं बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। सीएसपी योगिताबाली खापर्डे ने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंकिंग विवरण अथवा ओटीपी साझा न करें तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन या निकटतम पुलिस थाना से संपर्क करें। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य बच्चों में कानूनी जानकारी बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और सतर्क नागरिक बनाना है। भविष्य में भी स्कूलों, कॉलेजों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि आमजन साइबर अपराधों एवं नए कानूनों के प्रति जागरूक होकर सुरक्षित समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। ताकि छात्राओं को आनलाइन ठगी, फर्जी कॉल सहित अन्य तरह के सायबर अपराध से निजात मिल सके।



छात्राओं को सायबर काइम के बारे में जानकारी देते पुलिस।

# कलेक्टर की फटकार के बाद 22 हमालों को मिली मजदूरी राशि

## जनदर्शन में गुहार लगाने के बाद बैंक बुलाकर कराया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



धान खरीदी केंद्र सिवनी में कार्यरत 22 हमालों को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान कर दिया गया। मजदूर लगातार चार बार कलेक्टर के जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे थे। चौथी बार शिकायत के बाद कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी हमालों को केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा चांपा बुलाकर मजदूरी राशि का भुगतान किया गया।

जानकारी के अनुसार, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिवनी के धान खरीदी केंद्र में 22 हमालों ने धान की तौल, सिलाई, स्टेकिंग, लोडिंग सहित अन्य कार्य किए थे। मजदूरों का आरोप था कि कार्य पूरा होने के तीन माह बाद भी उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। भुगतान के लिए वे लगातार समिति प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। मजदूरों ने बताया कि धान खरीदी कार्य के लिए समिति प्रबंधक ललित देवांगन एवं धान खरीदी प्रभारी महावीर बरेठ के साथ प्रति क्विंटल 10 रुपये की दर से भुगतान का नोटरीकृत अनुबंध किया गया था। इसके बावजूद भुगतान लंबित रहा। मजदूरों ने यह भी आशंका जताई थी कि उनकी मजदूरी राशि किसी अन्य खाते में समायोजित या भुगतान कर दी गई हो सकती है। मामले की शिकायत कलेक्टर, जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी एवं सहकारिता विभाग के उप पंजीयक से भी की गई थी। चौथी बार 30 जून को जनदर्शन में पहुंचे हमालों की शिकायत पर कलेक्टर ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद सहकारिता विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा चांपा में सभी 22 हमालों को नगद मजदूरी राशि का भुगतान कराया गया।शिकायतकर्ताओं में महिपाल कश्यप, तीजराम, रामसागर कश्यप, दिनेश कुमार, लक्ष्मीनारायण कंवर, राजू कश्यप, प्रेमसिंह कंवर, बिपत कंवर, बनवारी पटेल, दिलहरण कश्यप, राजेश कंवर सहित कुल 22 हमाल शामिल थे।

**किया गया है भुगतान**

धान खरीदी केंद्र सिवनी के हमालों का मजदूरी भुगतान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष, प्रभारी प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारी की उपस्थिति में स्वयं कराया गया है। सभी मजदूरों को उनका पूरा भुगतान कर दिया गया है।

-जे.के. टंडन,
सीईओ
सहकारिता विभाग

# बरसात शुरू होने से पहले नालियों की कराई गई साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर में मानसून की शुरुआत के साथ ही संभावित जलभराव की समस्या को देखते हुए नगर प्रशासन द्वारा नालियों की सफाई का अभियान शुरू कर दिया गया है। नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर्मचारियों की टीम नालियों से गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य कर रही है, ताकि वर्षा का पानी आसानी से निकल सके और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नगर प्रशासन का कहना है कि बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति से बचने के लिए प्रमुख नालियों के साथ-साथ छोटी नालियों की भी नियमित सफाई कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जहां-जहां नालियां अवरुद्ध हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर सफाई कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि समय रहते नालियों की सफाई होने से बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या काफी हद तक कम होगी। प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे नालियों में कचरा न फेंकें और नगर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाने में सहयोग करें ताकि लोगों को गंदगी से निजात मिल सके।



नालियों की साफ सफाई कार्य में लगा नपं का अमला।

# 43 वर्षो की सेवा के बाद सेवानिवृत्त डीएमसी को दी विदाई

**जांजगीर-चांपा।** समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक हरिराम जायसवाल के अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर समग्र शिक्षा परिवार द्वारा आनंदम रिजॉर्ट अकलतरा में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर एपीसी दिनेश सोनवान, हेमलता शर्मा, अंजना सिंह, बीआरसी अर्जुन सिंह क्षत्रिय , ऋषिकांता राठौर, एच.के. बेहार, दुष्यंत भतृहरि, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक जोशी, प्रदीप शर्मा, प्रोग्रामर राजन मिश्रा, आशुतोष चौबे सहित समग्र शिक्षा एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि हरिराम जायसवाल ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सरल व्यवहार से शिक्षा विभाग में अपनी अलग पहचान बनाई। अपने विदाई उद्बोधन में हरिराम जायसवाल ने भावुक होते हुए कहा कि विभाग में कार्य करते हुए उन्हें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का सदैव प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि टीम भावना और आपसी सहयोग के कारण ही वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके। उन्होंने सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी शिक्षा विभाग की निरंतर प्रगति की कामना की। अंत में श्री जायसवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




# जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला शिवरीनारायण में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में शिक्षा के प्रति उत्साह और नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत का उल्लास देखने को मिला।

कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति नारायण चंदेल पूर्व विस अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, चंद्रकांत तिवारी सदस्य, माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर, श्रीमती सत्यलता मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष, गगन जयपुरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष, योगेश शर्मा, राजकुमार साहू सभापति कृषि विभाग, रवि पांडे, राहुल थवाईत अध्यक्ष नगर पंचायत, डॉ. धर्मेंद्र राम अध्यक्ष, शिक्षा समिति, विष्णुहरि गुप्ता मंडल महामंत्री, विवेक गोपाल, ललित कश्यप, अजय साहू जिला पंचायत सदस्य, पार्षद विनोद शर्मा, श्रीमती दिव्या यादव, सत्येन्द्र केवट, विक्की सोनी, सुबोध शुक्ला एवं बसंत यादव संदीप यादव संजय अग्रवाल, प्रकाश बंशल, सविता तिवारी, द्रौपदी केसरवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा प्रधान पाठक, बी के देवांगन प्राचार्य, अमन केसरवानी शैक्षिक समन्वयक, अशोक पाटले बीईओ नवागढ़, हेमलता शर्मा, श्रीमती अंजना सिंह, तरुण साहू एबीईओ, नवागढ़, चंद्रशेखर महतो, टी आर कुर्रे, रमेश साहू, अजय खन्ना, हेमलाल रोहिदास, श्रीमती मीनाक्षी केसरवानी, विनोद सिदार, चक्रपाल तिवारी, प्रदीप शर्मा, ऋषिकांत राठौर, राजेंद्र कुमार जोशी, राकेश कुमार सोनी, दुष्यंत कुमार भर्तृहरि तथा विकासखंड नवागढ़ एवं पामगढ़ के शिक्षा विभाग के अधिकारी, व्याख्याता, शिक्षक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, स्कूल बैग, जूते, मोजे एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया।




### तहसील कार्यालय में 10 रुपये की टिकट 20 रुपये में बेचने का आरोप

**डभरा।** डभरा तहसील कार्यालय डभरा में राजस्व टिकट की खुलेआम कालाबाजारी किए जाने का मामला सामने आया है। आम नागरिकों ने आरोप लगाया है कि 10 रुपये मूल्य की राजस्व टिकट को 20 रुपये तक में बेचा जा रहा है। इससे तहसील कार्यालय में कार्य कराने आने वाले लोगों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तहसील कार्यालय में विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए राजस्व टिकट की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन कार्यालय परिसर के आसपास कुछ लोगों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलकर टिकट बेची जा रही है। नागरिकों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें दोगुनी कीमत देकर टिकट खरीदनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा तहसील कार्यालय में निर्धारित दर पर राजस्व टिकट उपलब्ध कराई जाए।

# शिविर में नशे के दुष्परिणाम से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

प्रधान जिला न्यायाधीश व सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति डभरा के मार्गदर्शन से पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती लक्ष्मी डनसेना द्वारा 28 जून को मंगलदीप क्लस्टर, धुरकोट में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

डभरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पैरालिगल वालेंटियर का आयोजन किया गया। शिविर में मंगलदीप क्लस्टर की अध्यक्ष श्रीमती गणेशी चंद्रा, कोषाध्यक्ष, सचिव तथा अन्य कैडर सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर के दौरान पीएलवी श्रीमती लक्ष्मी डनसेना द्वारा उपस्थितजनों को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज एवं आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करता है। वर्तमान समय में नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक जीवन पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके अतिरिक्त उपस्थितजनों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के गठन एवं उद्देश्यों, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता, तथा समाज के कमजोर एवं आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को न्याय तक समान पहुँच सुनिश्चित करने हेतु उपलब्ध कानूनी सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में 21, 22, 23 अगस्त को होने वाली विशेष लोक- अदालत, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, साइबर अपराधों से बचाव एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षा के उपाय, लोक अदालत एवं विशेष लोक अदालत के लाभ, तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। शिविर के अंत में नशामुक्त, जागरूक एवं कानून का सम्मान करने वाला समाज बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया गया।




लोगों को जागरूक करते न्यायाधीश।

## राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर जागरूक नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने किया चिकित्सकों का सम्मान

# चिकित्सक समाज का प्रमुख स्तंभ, चौबीस घंटे मानव सेवा में रहते हैं समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) के विशेष अवसर पर 'छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन' द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट योगदान दे रहे चिकित्सकों का फूलों का गुलदस्ता और कलम भेंट कर अभिनंदन किया।इन चिकित्सकों का सम्मान किया गया। फाउंडेशन द्वारा निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा में जुटे निम्नलिखित प्रमुख चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। डॉ.संतोष पटेल ,डॉ. कल्पना राठौर,डॉ. राजेश अग्रवाल,डॉ. ऋषि अग्रवाल,डॉ. राहुल अग्रवाल,एव अन्य डां का सम्मान किया गयाफाउंडेशन के पदाधिकारी रहे मौजूद। इस सम्मान कार्यक्रम का नेतृत्व छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने किया। जिलाध्यक्ष रामनरेश यादव,जिला उपाध्यक्ष, मांगेराम अग्रवाल कृष्णा गवेल, प्रदेश सदस्य अनुरुद्ध अग्रवाल उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सक समाज का वह मजबूत स्तंभ हैं, जो अपनी परवाह किए बिना चौबीसों घंटे मानव सेवा में समर्पित रहते हैं। कोरोना काल से लेकर सामान्य दिनों तक उनका योगदान अतुलनीय है। इसी सेवा भावना को नमन करने के लिए फाउंडेशन ने उन्हें सम्मानित कर आभार व्यक्त किया है।



### ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा पहुंचाना बडी चुनौती

**बाराद्वार।** डॉक्टर्स डे पर जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्यों ने समाज स्वास्थ्य में अहम योगदान देने वाले स्थानीय डॉक्टर पी.सिंह को , शॉल, श्रीफल , उपहार और पौधा भेंट कर, सम्मानित किया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद समिति की अध्यक्ष अकांक्षा सिंह ने डॉक्टर सर के निस्वार्थ सेवा भाव की जब से देख रहे है तब से लेकर अब तक समाज के प्रति उनके समर्पण की खुलकर सराहना की। डॉक्टर पी.सिंह ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के गांव से विलांग करते थे। उनके पिता प्राइमरी टीचर थे। पढ़ाई के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मेडिकल ट्रेनिंग के दौरान जो रैंकिंग का सिलसिला रहा उसे आज तक नहीं भूला , मेडिकल के लिए लोगों को जागरूक करना कई बार सायकिल से मरीजों का इलाज करने जाना और कई घटनाएं शेयर किए समारोह को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर हमारे समाज के वे स्तंभ हैं जो बिना अपनी परवाह किए दूसरों की जान बचाते हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती है, और हमारे डॉक्टर्स इस जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। आज का दिन उनके इसी जज्बे को सलाम करने का है। भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति के सचिव वंदना सिंह कोषाध्यक्ष सीता सिंघल वीरांगना सुमन सिंह, पद्ममनी वैष्णव, रंजना अग्रवाल, पायल शर्मा,पूजा शर्मा, रिंकी मोदी, और मेडिकल स्टॉप उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समिति के सभी सदस्यों ने बधाई दी और समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

